Ans. (d) : दादू पंथ का साहित्य ढूंढाडी भाषा में संगृहीत है। दादू पंथ के प्रवर्तक संत दादूदयाल जी थे। इस पंथ का सत्संग स्थल 'अलख-दरीबा' है। दादू ने धर्म सुधार हेतु कार्य किया। इन्होंने 'दादू जी वाणी एवं दादूजी रा दूहा' में अपने विचारों को संकलित किया। उनका कहना था कि ईश्वर परमब्रह्म, परमज्योतिस्वरूप, सर्वशक्तिमान, माया से परे और सर्वव्यापी है।

611. 'मारवाड़ म्यूरल्स' के लेखक कौन हैं?
(a) जयसिंह नीरज (b) रामावतार अग्रवाल
(c) महाराजा बख्तसिंह (d) सावंतसिंह

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (b) : 'मारवाड़ म्यूरल्स' के लेखक रामावतार अग्रवाल है। जयसिंह नीरज ने बहुत अधिक मात्रा में राजस्थानी पेंटिंग पर लिखा है। महाराजा बख्त सिंह मारवाड़ के राजा थे।

612. नाटक 'ललित विग्रह राज' की रचना की गई-
(a) हेमचन्द्र सूरि द्वारा (b) राजशेखर द्वारा
(c) सोमदेव द्वारा (d) चन्द बरदाई द्वारा

Compiler Exam -2016
सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : महाकवि सोमदेव ने वीसलदेव (विग्रहराज IV) चौहान शासक के चरित्र की प्रशंसा में 'ललित विग्रहराज' नामक नाटक की रचना की थी। विग्रह राज चतुर्थ बीसलदेव स्वंय एक महान कवि एवं लेखक था। उसमें हरिकेल जैसे नाटक की रचना की थी। इस नाटक के कुछ अंश 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' नामक मस्जिद की दिवारों पर उत्कीर्ण है।

613. 'ललित-विग्रहराज' का रचयिता सोमदेव किस चौहान शासक के दरबार में था?
(a) विग्रहराज IV(बीसलदेव) (b) पृथ्वीराज I
(c) सोमेश्वर (d) अर्णोराज

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

614. निम्नलिखित संगीत ग्रन्थों में से कौन से ग्रन्थ राणा कुम्भा कृत हैं?
(a) संगीतराज (b) संगीत मीमांसा
(c) सुधप्रबन्ध (d) कलानिधि
कुटः
(a) A,B (b) A,C,D
(c) A,B,C (d) A,B,C,D

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (a) : महाराणा कुंभा वीर योद्धा होने के साथ ही महान कवि एवं रचनाकार थे। इनके द्वारा अनेक ग्रन्थों यथा-संगीत मीमांसा, संगीतराज, गीत गोविन्द की टीका, रसिकप्रिया और स्वर प्रबंध इत्यादि की रचना की थी। संगीतराज पाँच रत्नकोष में विभक्त है।

615. महाराणा कुम्भ रचित ग्रंथ 'संगीत राज' कितने रत्नकोषों में विभक्त है?
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

616. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ कुम्भा द्वारा रचित नहीं है?
(a) संगीत राज (b) संगीत मीमांसा
(c) राज वल्लभ (d) रसिक प्रिया

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

617. पुस्तक ''बारीक बात'' के लेखक कौन हैं?
(a) डॉ. राजेश कुमार व्यास
(b) डॉ. नीरज दहिया
(c) रामस्वरूप किसान
(d) रामपाल सिंह राजपुरोहित

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (c) : 'बारीक बात' पुस्तक की रचना हनुमानगढ़ के रामस्वरूप किसान ने किया है। इस रचना के लिए रामस्वरूप किसान को वर्ष 2019 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

618. 'राजप्रशस्ति' का रचनाकार कौन था?
(a) सदाशिव भट्ट (b) बाण भट्ट
(c) गदाधर भट्ट (d) रणछोड़ भट्ट

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (d) : राज प्रशस्ति महाराणा राज सिंह द्वारा राजसमंद झील के निर्माण की स्मृति में रचा गया है। इसकी रचना रणछोड़ भट्ट द्वारा राजसिंह के आदेश पर की गई थी। यह एक संस्कृत में रचित प्रशस्ति काव्य है।

619. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक गुर्जर प्रतिहार वंश के मिहिर भोज द्वारा रचित नहीं है?
(a) सर्वस्व श्रृंगार प्रकाश (b) कृत्यकल्पतरू
(c) राजमृदांड (d) धर्म संग्रह

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (d) : मिहिर भोज, गुर्जर प्रतिहार वंश का सर्वाधिक प्रतापी एवं महान शासक था। मिहिर भोज ने 'आदि वराह' नाम से सिक्के जारी किये। मिहिर भोज स्वयं विद्वान एवं विद्धानों एवं कला का उदार संरक्षक था। अपनी विद्वता के कारण उसने कविराज की उपाधि धारण की। उनकी प्रमुख रचना समरांगण सूत्रधार, सरस्वती कठांभरण, सर्वस्व श्रृंगार प्रकाश, कृत्यकल्पतरू, राजमृदाण्ड, सिद्धांत संग्रह, युक्तिकल्पतरू, कूर्मशतक, श्रृंगार मंजरी, शब्दानुशासन इत्यादि है।

620. रानी लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत को पद्मश्री, उनके किस क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया?
(a) राजनीतिक क्षेत्र (b) साहित्यिक क्षेत्र
(c) समाज सेवा (d) चित्रकला

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) – रानी लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 1984 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इसी प्रकार उन्हें साहित्य महामहोपाध्याय, राजस्थान रत्न, महाराणा कुम्भा पुरस्कार आदि से सम्मानित किया गया हैं वर्ष 2014 में 98 वर्ष की आयु में इनका निधन हो गया।

621. राजस्थान के किस सन्त द्वारा 'सत्यभामाजी नुं रूसण' की रचना की गयी?
(a) रामदासजी (b) दादू दयालजी
(c) दरियावजी (d) मीराबाई

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) – 'सत्यभामाजी नुं रूसण' की रचना मीराबाई द्वारा की गयी। मीराबाई ने चार ग्रंथों की रचना की थी रूक्मणी मंगल, गीतगोविंद टीका, राग गोविंद, राग सोरठ।

622. कुबलयमाला किसके द्वारा
(a) चन्दबरदाई (b) हरिभद्र सूरि
(c) उद्योतन सूरि (d) जी.एच.ओझा

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)